राजस्थान को मिला बेस्ट कल्चरल टूरिज़्म डेस्टिनेशन ऑफ द इयर अवॉर्ड

चर्चा में क्यों?

- 30 जुलाई, 2023 को अपनी कला संस्कृति, ऐतिहासिक विरासत और पर्यटन के लिये विशेष पहचान रखने वाले राजस्थान को एक और पुरस्कार से नवाजा गया। बंगलुरू में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट समारोह में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे पर्यटन विभाग को बेस्ट कल्चरल टूरिज़्म डेस्टिनेशन ऑफ द इयर अवॉर्ड से नवाज़ा गया है।

प्रमुख बिंदु

- इंडिया इंटरनेशनल ट्रैवल मार्ट बंगलुरू में आयोजित इस समारोह में पर्यटन विभाग की तरफ से अतिरिक्त निदेशक आनंद कुमार त्रिपाठी ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- इस आयोजन में राजस्थान पर्यटन के पवेलियन में राज्य की 14 ट्रैवल एजेंसीज़ और होटलियर्स ने भाग लिया।
- राजस्थान पर्यटन दल द्वारा एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र में उठाए गए कदमों, नवीन योजनाओं की जानकारी और पर्यटन प्रचार फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।
- इसके साथ ही पवेलियन में पधारे स्थानीय ट्रैवल एजेंटों और आम जन को राजस्थान के पर्यटन स्थलों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-got-the-best-cultural-tourism-destination-of-the-year-award